झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **12.02.2020**

कर्तव्य के प्रति सजग और जनता के प्रति विनम्र बनें पुलिस –हेमन्त सोरेन

============

विज्ञप्ति संख्या - 174 /2020

पुलिस ड्यूटी मीट विज्ञप्ति --01/02

जैप वन मैदान डोरंडा रांची

=============

डोरंडा के जैप वन ग्राउंड में 17वीं पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री, विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

============

★ हमारे पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के मेरुदंड हैं. अपनी वीरता से झारखंड का नाम रौशन किया है

★ विषम परिस्थितियों में भी झारखंड पुलिस अपने कर्तव्यों के प्रति मुस्तैद रहा है

★महिलाओं के प्रति हो रहा अपराध समाज के लिए कलंक

---हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

============

आधुनिक युग विज्ञान और तकनीक का है. पुलिस कांडों के अनुसंधान में नवीनतम तकनीकों का इस्तेमाल करें, ताकि अभियोजन पक्ष मजबूत हो और दोषियों को सजा मिल सके. विभिन्न श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता में आपने जो सीखा है उसका इस्तेमाल कांडों के अनुसंधान में करें. मुख्यमंत्री ने पुलिस पदाधिकारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में भी झारखंड पुलिस अपने कर्तव्यों के प्रति मुस्तैद रहा है. यहां के जाबांज जवान राज्य् और देश की सेवा करते आ रहे हैं. हमारे पुलिसकर्मी हमारी सुरक्षा व्यवस्था के मेरुदंड हैं. मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज रांची के डोरंडा स्थित जैप वन ग्राउंड में 17 वीं पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही.

नक्सली हमले में शहीद हुए पुलिस जवानों को नमन

मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सली समस्या झारखंड की सबसे बड़ी चुनौती है. नक्सलियों से चल रही लड़ाई में कई पुलिस शहीद हो चुके हैं. मैं समस्त झारखण्डवासियों की ओर से उन तमाम शहीद पुलिस जवानों और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं. मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल समस्या को खत्म करने मे झारखंड पुलिस निश्चित तौर पर कामयाब होगी.

ग़रीबो औऱ पिछड़ों के प्रति संवेदना रखें

मुख्यमंत्री ने पुलिस पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों से कहा कि वे गरीबों और पिछड़ों के प्रति संवेदना और समर्पित भाव से कर्तव्य का निर्वहन करें. उन्हें न्याय दिलाने का काम करें. इससे पुलिस को जनता का विश्वास जीतने में मदद मिलेगी. यह हमारे समाज में शांति व्यवस्था और बेहतर माहौल बनाने के लिए बेहद जरूरी है.

नारी सशक्तिकरण पर मुख्यमंत्री ने दिया जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक आर्थिक परिवर्तन के इस दौर में नारी सशक्तिकरण को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि महिलाओं के प्रति हो रहा अपराध समाज के लिए कलंक है. इसे हर हाल में रोका जाना चाहिए. उन्होंने पुलिस महकमे से कहा कि वह महिला हिंसा व अपराध को रोकने के लिए विभिन्न संगठनों का भी सहयोग ले. ताकि, समाज से महिला अपराध का नामो-निशान खत्म हो जाए.

पुलिस के समक्ष कई चुनौतियां हैं, सरकार सहयोग करेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पुलिस के समक्ष कई तरह की चुनौतियां और कठिनाईयां हैं. इससे कहीं न कहीं उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में दिक्कतें भी आती हैं. सरकार इस तरह की कठिनाईयों को दूर करने में सहयोग करेगी. उन्होंने पुलिसकर्मियों से कहा कि वे ड्यूटी के प्रति सजग और जनता के प्रति विनम्र बनें. जनता के सहयोग से ही अपराध पर काबू पाया जा सकता है इसलिए लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखें.

पुलिस महानिदेशक ने पुलिस महकमा की गतिविधियों औऱ उपलब्धियों की जानकारी दी

पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में पुलिस महानिदेशक श्री के एन चौबे ने अपने संबोधन के दौरान पुलिस महकमा द्वारा अपराध रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियानों व गतिविधियों के साथ पुलिस की उपलब्धियों की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि साइबर अपराध रोकने के लिए पुलिस ने जो रणनीति बनाई है उसका सीधा फायदा मिल रहा है. दिसंबर से अबतक 1100 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए जा चुके हैं. उन्होंने ह्यूमन ट्रैफिकिंग, महिला हिंसा और अन्य अपराधों के उद्भेदन और अनुसंधान में इस्तेमाल किए जा रहे तकनीकों के बारे भी बताया. उन्होंने कहा कि इस मीट में पुलिसकर्मियों ने जो सीखा है, उसका फायदा पुलिस अनुसंधान में देखने को मिलेगा.

इस मौके पर जैप के डीजी श्री नीरज सिन्हा और पुलिस मुख्यालय के डीजी श्री पीआरके नायडू समेत कई वरीय पुलिस पदाधिकारी, कनीय पदाधिकारी औऱ पुलिस जवान मौजूद थे.

###

=================

#TeamPRD(CMO)